This Question Paper consists of **25 questions** and **11 printed pages**.
इस प्रश्न-पत्र में **25 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

**Code No.**
**कोड नं.** **52/S/A**

**Set A**

# ACCOUNTANCY
# ( लेखांकन )
# (224)

**Day and Date of Examination**
**परीक्षा का दिन व दिनांक** ______________________

**Signature of Invigilators** 1. ______________________
**निरीक्षकों के हस्ताक्षर**
2. ______________________

**General Instructions :**

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** For the objective type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

**4.** All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.

**5.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**6.** Write your Question Paper code No. **52/S/A-A** on the Answer-Book.

**7.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।

4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **52/S/A-A** लिखें।

7. (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# ACCOUNTANCY

# ( लेखांकन )

# (224)

Time : **3** Hours ] [ Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **100**

**Note :** (i) **All** questions are **compulsory**.

(ii) Marks allotted for each question are indicated against it.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं।

**1.** According to which assumption, a business and its owners are treated as two separate entities ? **1**

(A) Money measurement (B) Going concern

(C) Business entity (D) Dual aspect

किस अवधारणा के अनुसार, यह माना जाता है कि व्यवसाय तथा उसका स्वामी पृथक हैं?

(A) मुद्रा माप (B) सतत् व्यवसाय

(C) व्यवसाय इकाई (D) द्विपक्षीय अवधारणा

**2.** The journal entry which affects more than two accounts is called : **1**

(A) Simple journal entry (B) Contra entry

(C) Compound journal entry (D) None of these

दो से अधिक खातों को प्रभावित करने वाली रोजनामचा प्रविष्टि को कहते हैं :

(A) साधारण रोजनामचा प्रविष्टि (B) विपरीत प्रविष्टि

(C) संयुक्त रोजनामचा प्रविष्टि (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. Which of the following account does not show a debit balance ? 1

(A) Wages A/c (B) Carriage outward A/c

(C) Carriage inward A/c (D) Return outward A/c

निम्नलिखित में से कौन-सा खाता नाम शेष नहीं दर्शाता ?

(A) मज़दूरी खाता (B) जावक भाड़ा खाता

(C) आवक भाड़ा खाता (D) वापसी बहिर्वाह खाता

4. Capital reserves can be utilised for : 1

(A) Issue of bonus shares (B) Writing off goodwill

(C) Writing off preliminary expenses (D) All of these

निम्न में से किसके लिए पूँजी संचय का उपयोग किया जा सकता है ?

(A) बोनस अंशों का निर्गमन (B) ख्याति का अपलेखन

(C) प्रारंभिक व्ययों का अपलेखन (D) उपरोक्त सभी

5. Trading and Profit and Loss Account is also known as : 1

(A) Income statement (B) Account statement

(C) Position statement (D) None of these

व्यापार एवं लाभ-हानि खाता इस नाम से भी जाना जाता है :

(A) आय विवरण (B) खाता विवरण

(C) स्थिति विवरण (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. The short-cut key F2 is used for : 1

(A) Select and shut company (B) Features

(C) Configure (D) Date and period

शॉर्ट - कट कुंजी F2 किसके लिए प्रयुक्त की जाती है ?

(A) कंपनी का चयन और बंद करने के लिए (B) विशेषताओं के लिए

(C) जोड़ने/कन्फिगर के लिए (D) तिथि और अवधि के लिए

7. State the meaning and significance of convention of consistency. **3**

समअनुरूपता की परिपाटी का अर्थ तथा महत्व बताइए।

8. State any three causes of disagreement in Cash Book and Pass Book balance. **3**

रोकड़ बही व पास बुक के शेषों के न मिलने के कोई तीन कारण बताइए।

9. What is meant by ledger ? Draw a format of ledger. **3**

खाता बही से क्या अभिप्राय है ? खाता बही का प्रारूप बनाइए।

10. Classify the following liabilities as internal liabilities and external liabilities : **3**

(a) Capital

(b) Creditors

(c) Bank overdraft

(d) Outstanding expenses

(e) Bills payable

(f) Profits of business

निम्नलिखित को आंतरिक देयताओं तथा बाह्य देयताओं में वर्गीकृत कीजिए :

(a) पूँजी

(b) लेनदार

(c) बैंक अधिविकर्ष

(d) अदत्त व्यय

(e) देय विपत्र

(f) व्यवसाय के लाभ

**11.** Write important steps to open tally. **3**

टैली शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण चरण लिखिए।

**12.** Enter the following transactions in purchase book of Chandan Cycles, Cuttack for the month of Jan, 2015. **4**

| | |
|---|---|
| January 05 | Purchased on credit from Saha Brothers, Kanpur 130 cycle rims @ ₹ 100 each less 20% trade discount, packing and handling charges ₹ 600. |
| January 18 | Purchased on credit from Hindustan Cycle Mart, Chennai - 100 tyres @ ₹ 60 and 200 tubes @ ₹ 40 less 10% trade discount, freight ₹ 400. |
| January 25 | Purchased 160 dozen of cycles spoke @ ₹ 30 each dozen from Sharma Cycles, Kolkata at 20% trade discount. |

जनवरी 2015 माह हेतु चंदन साइकल्स, कटक की क्रय बही में निम्नलिखित लेनदेनों को प्रविष्ट कीजिए :

| | |
|---|---|
| जनवरी 05 | साहा ब्रदर्स, कानपुर से ₹ 100 प्रति की दर से 130 साइकिल रिम उधार खरीदे, घटा 20% व्यापार बट्टा, पैकिंग एवं हैंडलिंग व्यय ₹ 600. |
| जनवरी 18 | हिन्दुस्तान साइकिल मार्ट, चेन्नई से ₹ 60 की दर से 100 टायर तथा ₹ 40 की दर से 200 ट्यूब खरीदीं, घटा 10% व्यापार बट्टा, भाड़ा ₹ 400. |
| जनवरी 25 | शर्मा साइकिल्स, कोलकाता से ₹ 30 प्रति दर्जन की दर से 160 दर्जन साइकिल स्पोक खरीदे तथा 20% व्यापार बट्टा मिला। |

**13.** Write any four objectives of preparing Trial Balance. **4**

तलपट बनाने के कोई चार उद्देश्य लिखिए।

**14.** Explain 'going concern concept' and 'business entity concept' of accounting. State their significance also (giving two points each). **5**

लेखांकन की 'सतत् व्यवसाय अवधारणा' तथा 'व्यवसाय इकाई अवधारणा' की व्याख्या कीजिए। प्रत्येक के दो बिन्दु देते हुए इनका महत्व भी बताइए।

**15.** Define the following terms : **5**

(a) Debtor (b) Creditor (c) Asset (d) Capital (e) Profit

निम्न को परिभाषित कीजिए :

(a) देनदार (b) लेनदार (c) संपत्ति (d) पूँजी (e) लाभ

**16.** Classify the accounts under Modern approach and state the rules of debit and credit. **5**

आधुनिक वर्गीकरण के आधार पर खातों का वर्गीकरण कीजिए तथा नाम एवं जमा के नियम बताइए।

**17.** State the meaning of general reserve and capital reserve. Distinguish between general reserve and capital reserve giving any three points. **5**

सामान्य संचय एवं पूँजी संचय का अर्थ बताइए। कोई तीन बिन्दु देते हुए सामान्य संचय एवं पूँजी संचय में अंतर्भेद कीजिए।

**18.** Why does the need for computerised accounting arise ? Differentiate between Manual accounting and Computerised accounting. (on any three points) **5**

कम्प्यूटरिकृत लेखांकन की आवश्यकता क्यों हुई ? किन्हीं तीन बिन्दुओं के आधार पर मानवीय लेखांकन एवं कम्प्यूटरिकृत लेखांकन में अंतर्भेद कीजिए।

**19.** Distinguish between Book-Keeping and Accounting. (Any four) **6**

किन्हीं चार आधारों पर पुस्तक-पालन एवं लेखांकन में अंतर्भेद कीजिए।

**20.** Prepare a petty cash book from the following particulars for the month of March, 2015. **6**

March 01 - Received from main cashier an imprest sum ₹ 500

March 03 - Paid for cartage ₹ 25

March 07 - Printing expenses ₹ 17

March 11 - Paid wages ₹ 25

March 20 - Spent for charity ₹ 18

March 24 - Postal charges ₹ 10

March 31 - Office cleaning expenses ₹ 21

निम्नलिखित विवरण से मार्च 2015 माह हेतु लघु रोकड़ बही बनाइए :

मार्च 01 - मुख्य रोकड़िए से ₹ 500 अग्रिम राशि प्राप्त

मार्च 03 - भाड़ा भुगतान ₹ 25

मार्च 07 - छपाई व्यय ₹ 17

मार्च 11 - मज़दूरी भुगतान ₹ 25

मार्च 20 - दान दिया ₹ 18

मार्च 24 - डाक व्यय ₹ 10

मार्च 31 - कार्यालय सफाई व्यय ₹ 21

**21.** Journalise the following transactions for the month of January 2015. **6**

January 2 - Business started with cash of ₹ 50,000

January 4 - Goods purchased from Ram ₹ 15,600

January 7 - Goods returned by Tanuj ₹ 12,000

January 12 - Goods returned to Ram ₹ 600

January 18 - Rent due to landlord ₹ 4000

January 23 - Commission due from Alpha Company ₹ 2,600

जनवरी 2015 माह के निम्नलिखित लेनदेनों को रोजनामचित कीजिए :

जनवरी 2 - ₹ 50,000 रोकड़ से व्यवसाय प्रारंभ किया

जनवरी 4 - राम से माल खरीदा ₹ 15,600

जनवरी 7 - तनुज ने माल लौटाया ₹ 12,000

जनवरी 12 - राम को माल लौटाया ₹ 600

जनवरी 18 - भूस्वामी को किराया देय ₹ 4000

जनवरी 23 - अल्फ़ा कंपनी से कमीशन देय ₹ 2,600

**22.** Journalise the following transactions and prepare Creditors A/c to find the net amount payable to them. **6**

2015 March 07 - Opening balance of creditors ₹ 18,000

2015 March 14 - Credit Purchases ₹ 12,000

2015 March 18 - Cash Paid to creditors ₹ 9,800 ; discount allowed by them ₹ 200

2015 March 24 - Creditors have been paid by cheque ₹ 5,000

निम्न लेनदेनों को रोजनामचित कीजिए तथा लेनदारों को देय राशि ज्ञात करने हेतु 'लेनदार खाता' बनाइए :

2015 मार्च 07 - लेनदारों का प्रारंभिक शेष ₹ 18,000

2015 मार्च 14 - उधार क्रय ₹ 12,000

2015 मार्च 18 - लेनदारों को रोकड़ भुगतान ₹ 9,800; उनके द्वारा दी गई छूट ₹ 200

2015 मार्च 24 - लेनदारों को चैक द्वारा भुगतान ₹ 5,000

**23.** On April 1, 2008, a company purchases machinery worth ₹ 2,00,000. On October 01, 2009, it purchased additional machinery worth ₹ 20,000 and spends ₹ 4,000 on its erection. The accounts are closed each year on March 31. Assuming the annual depreciation to be 10%. Show machinery account for 3 years under diminishing balance method. **6**

1 अप्रैल 2008 को एक कंपनी ने ₹ 2,00,000 की मशीनरी खरीदी। 1 अक्टूबर 2009 को उसने ₹ 20,000 की अतिरिक्त मशीनरी खरीदी, ₹ 4,000 उसके निर्माण पर खर्च किए। प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को खाते बंद किए जाते हैं। 10% वार्षिक ह्रास मानते हुए ह्रासित शेष विधि के अंतर्गत 3 वर्ष का मशीनरी खाता दर्शाइए।

**24.** Explain Balance Sheet. State objectives of preparing Balance Sheet. **6**

तुलन-पत्र की व्याख्या कीजिए। तुलन-पत्र बनाने के उद्देश्य बताइए।

25. From the following Trial Balance, prepare Trading and Profit & Loss A/c for the year ending 31st March 2015 and Balance Sheet as at that date. **10**

| Trial Balance | | | |
|---|---|---|---|
| Debit Balances | Amount ₹ | Credit Balances | Amount ₹ |
| Opening Stock | 2,500 | Sales | 28,700 |
| Purchases | 20,000 | Discount | 1,000 |
| Cash | 1,700 | Bills payable | 2,500 |
| Building | 18,000 | Creditors | 6,000 |
| Wages | 1,500 | Rent | 1,200 |
| Salaries | 2,300 | Commission | 900 |
| Bill Receivable | 3,000 | Capital | 20,000 |
| Debtors | 5,100 | | |
| Carriage | 950 | | |
| General Expenses | 2,700 | | |
| Rent and Taxes | 2,550 | | |
| | 60,300 | | 60,300 |

**Adjustments :**

(a) Closing Stock ₹ 3,400

(b) Wages Outstanding ₹ 600

(c) Prepaid Rent ₹ 150

(d) Depreciation on Building @ 10%

**OR**

(a) Distinguish between Trading Account and Profit & Loss Account

(b) Pass the necessary Journal entries for following adjustments.

(i) Closing stock ₹ 20,000

(ii) Carriage inward outstanding ₹ 500

(iii) Insurance prepaid ₹ 1,000

(iv) Depreciation on machinery @ 10% p.a. machinery ₹ 40,000

निम्न तलपट से 31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा उसी तिथि का तुलन-पत्र तैयार कीजिए :

| तलपट | | | |
|---|---|---|---|
| नामशेष | ₹ | जमा शेष | ₹ |
| प्रारंभिक रहतिया | 2,500 | विक्रय | 28,700 |
| क्रय | 20,000 | बट्टा | 1,000 |
| रोकड़ | 1,700 | देय विपत्र | 2,500 |
| भवन | 18,000 | लेनदार | 6,000 |
| मज़दूरी | 1,500 | किराया | 1,200 |
| वेतन | 2,300 | कमीशन | 900 |
| प्राप्य विपत्र | 3,000 | पूँजी | 20,000 |
| देनदार | 5,100 | | |
| माल-भाड़ा | 950 | | |
| सामान्य व्यय | 2,700 | | |
| किराया व कर | 2,550 | | |
| | 60,300 | | 60,300 |

**समायोजनाएँ :**

(a) अंतिम रहतिया ₹ 3,400

(b) अदत्त मज़दूरी ₹ 600

(c) पूर्वदत्त किराया ₹ 150

(d) भवन पर ह्रास @ 10%

**अथवा**

(a) 'व्यापार खाता' तथा 'लाभ-हानि खाता' में अंतर कीजिए।

(b) निम्न समायोजनाओं हेतु आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) अंतिम रहतिया ₹ 20,000

(ii) अदत्त भाड़ा अंतर्वाह ₹ 500

(iii) पूर्वदत्त बीमा ₹ 1,000

(iv) ₹ 40,000 की मशीनरी पर 10% प्र.व. की दर से ह्रास

- o O o -